दिनांक 08.01.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त देवेश ध्रुव ने किया फिल्टर प्लांट निरीक्षण

भिलाईनगर / निगमायुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने आज मॉर्निंग विजिट के दौरान 66 एवं 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फिल्टर बेड , एरीएशन चेंबर, वाश वाटर एवं फिल्टर प्लांट के अन्य स्थानों में पहुंचकर जल शुद्धिकरण के लिए अपनाए जा रहे पूरे कार्यों का अवलोकन कर सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझे। जल शुद्धीकरण की प्रत्येक विधि का जायजा लेते हुए , निगम क्षेत्र के हर वार्ड में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था निरंतरता बनी रहे इसके लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। फिल्टर प्लांट के लैब में पहुंचकर केमिस्ट से चर्चा करते हुए उन्होंने पानी में पाए जाने वाले तत्वों और टर्बिडिटी की जांच को गंभीरता से करने के निर्देश दिए।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे इसके लिए जलकार्य विभाग की टीम पूरी मुस्तैदी से अपने कार्य में जुटी हुई है। कहीं भी विशुद्ध पानी न पहुंचे इसके लिए पानी सेंपल जांच के साथ ही सभी जोन क्षेत्रों से रेंडम जांच करने के निर्देश भी निगम आयुक्त श्री ध्रुव ने दिए। कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि आयुक्त ने फिल्टर प्लांट मे शिवनाथ नदी से आने वाले पानी से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन वाटर के सैंपल तक की प्रक्रिया का अवलोकन किए। जल शुद्धिकरण के इस्तेमाल में उपयोग होने वाले क्लोरीन, ब्लीचिंग एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली। वाटर टेस्टिंग लैब में पहुंचकर संधारित पंजियों का तिथि अनुसार अवलोकन किए। आयुक्त ने प्रतिदिन पानी टंकी और अंतिम छोर के जल स्रोत से लिए जाने वाले सेम्पल के पानी टेस्टिंग की रिकाॅर्ड व्यवस्थित करने कहा।

रोस्टर अनुरूप हो हर वार्ड सफाई -

निगम आयुक्त श्री ध्रुव माॅर्निंग विजिट के दौरान वार्ड 29 वृंदा नगर पहुंचे जहां अटल आवास में बैकलाइन सफाई कार्य को देखे और सफाई को नियमित करने कहा , उन्होंने सफाई कराने वाली एजेंसी व जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को हर वार्ड में रोस्टर के अनुरूप सफाई करने के निर्देश दिए। विजिट के दौरान आयुक्त से वार्ड के नागरिकों ने चर्चा में कुछ क्षेत्रों में नल से पानी लो प्रेशर से आने की जानकारी दिए जिस पर निगम आयुक्त ने उस क्षेत्र में बिछे हुए पाइपलाईन का सर्वे कर लो प्रेशर की समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक - दो स्थान पर सी एण्ड डी वेस्ट रखे जाने को लेकर जोन के स्वास्थ्य अमले को फटकार लगाते हुए तत्काल फाइन काटने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, जोन आयुक्त येशा लहरे , अभियंता कुलदीप गुप्ता , बसंत साहू , एआरओ जगदीश तिवारी सहित निगम की टीम मौके पर उपस्थित रहे।